प्रारुप–11

प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्तावित कार्य हेतु वन भूमि की मांग का पूर्ण औचित्य दर्शाते हुए विस्तृत आख्या प्रस्ताव के साथ संलग्न की जानी है।

**परियोजना का नामः**–जनपद टिहरी के विधान सभा क्षेत्र प्रतापनगर में राज्य योजना के अन्तर्गत तेलुंगा (माजफ) से घोलडानी तक सड़क निर्माण।

## वनभूमि की मॉग का औचित्य एवं विवरण

जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर में राज्य योजना के अन्तर्गत तेलुंगा (माजफ) से घोलडानी तक मोटर मार्ग निर्मित न होने के कारण इस क्षेत्र मे रहने वाले ग्रामीणो को यातायात की सुविधा उपलब्ध नही है। इस क्षेत्र मे प्रस्तावित मार्ग के निर्माण हेतु वन भूमि के अतिरिक्त कोई अन्य विकल्प उपलब्ध नही है। इस मार्ग के नवनिर्माण हेतु शासनादेश संख्या 1152/111–(02)/14–62 (प्रा0आ0)/2013 दिनांक 21.02.2014 द्वारा **12.00** कि0मी0 लम्बाई हेतु रु0 **122.47** लाख मात्र की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रथम चरण के लिये प्राप्त है। यह मार्ग लम्बगॉव–प्रतापनगर मोटर मार्ग के कि0मी0 12.00 है0मी0 2–4 से प्रारम्भ होता है, तथा घोलडानी गॉव को 7.900 किमी0 में जोड़ता है। मार्ग का संरेखण अधी0 अभि0, 8वॉं वृत्त, लो0नि0वि0, नई टिहरी के पत्रांक 642/732सी0–8/2015 दि0 07/02/2015 द्वारा अनुमोदित है। इस मार्ग के कि0मी0 0.00 से किमी0 0.225 तक नाप भूमि, किमी0 0.225 से किमी0 0.350 तक आरक्षित वन भूमि, कि0मी0 0.350 से किमी0 3.600 तक नाप भूमि, किमी0 3.600 से किमी0 4.00 तक आरक्षित वन भूमि, किमी0 4.00 से किमी0 5.675 तक नाप भूमि व किमी0 5.675 से किमी0 7.900 तक आरक्षित वन भूमि पड़ती है, इस प्रकार कुल 2750.00 मीटर आरक्षित वनभूमि, जिसका क्षेत्रफल 1.925 हैक्टेयर एवं कुल 5150.00 मीटर नाप भूमि, जिसका क्षेत्रफल 3.605 हैक्टेयर है।

भूवैज्ञानिक द्वारा इस मार्ग का सर्वेक्षण कर लिया गया है तथा प्रस्तावित संरेखण को उपयुक्त बताया गया है। प्रस्ताव में वनभूमि हस्तानान्तरण हेतु मार्ग की चौड़ाई 7.00 मीटर ली गयी है। मार्ग से निम्नलिखित ग्रामों को यातायात की सुविधा प्राप्त होगी।

| क0सं0 | ग्राम | कोड | आवादी |
|---|---|---|---|
| 1 | माजफ | 344000 | 2078 |
| 2 | घोलडानी | 344800 | 348 |
| | | योग :– | **2426** |

अपर सहायक/कनिष्ठ अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0
नई टिहरी।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीयखण्ड,लो0नि0वि0
नई टिहरी।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीयखण्ड,लो0नि0वि0
नई टिहरी।